हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 18 जुलाई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

4

पानी के तेज बहाव से बहा कोदो मुमनी रपटा पुलिया, ब्लॉक मुख्यालय से टूटा संपर्क



## खबर संक्षेप

### सेंट्रल पीडब्लूडी में इंजी बने दिव्यांश



**अम्बिकापुर।** शुरू से ही मेधावी रहे शहर के युवा दिव्यांश तिवारी का चयन केंद्रीय लोक निर्माण विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर चयन हुआ है। चर्च रोड केदारपुर निवासी राकेश तिवारी उर्फ पूनम तिवारी के पुत्र दिव्यांश तिवारी "हर्ष" का एसएससी जेई 2025 की परीक्षा में ऑल इंडिया में 81वां रैंक आया। उन्हें केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर चयनित किया गया है। शुरू से ही मेधावी रहे केदारपुर चर्च के सामने निवासरत राकेश तिवारी वसुधा तिवारी के पुत्र है।

### विद्यालय में अनुशासनहीनता पर दो प्रयोगशाला सहायक निलंबित

**बलरामपुर।** जिले के विकासखण्ड वाड्रफनगर अंतर्गत शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर में विद्यालयीन समय के दौरान प्रभारी प्राचार्य एवं एक व्याख्याता के साथ अभद्र व्यवहार के मामले में शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो प्रयोगशाला सहायकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी वाड्रफनगर द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन 15 जुलाई को विषय कालखंड की समय-सारणी को लेकर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनन्त कुमार यादव तथा व्याख्याता इजहारूल हक अंसारी के साथ प्रयोग शाला सहायक अयोध्या प्रसाद यादव एवं विजय कुमार यादव द्वारा अभ्रद व्यवहार की पुष्टि हुई। जांच प्रतिवेदन के अनुसार इस घटना से विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण गंभीर रूप से प्रभावित हुआ। अध्यापन कार्य बाधित होने के साथ-साथ विद्यार्थियों एवं सहकर्मियों के बीच अनुशासन और शिक्षकीय आचरण को लेकर प्रतिकूल संदेश गया। डीईओ ने इस मामले में प्रयोगशाला सहायकों अयोध्या प्रसाद यादव एवं विजय कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान दोनों का मुख्यालय बीईओ कार्यालय रामचन्द्रपुर निर्धारित किया गया है।

### अधिक कीमत पर उर्वरक की बिक्री, मेसर्स इन्द्र कृषि सेवा केंन्द्र का लाइसेंस निरस्त

**अम्बिकापुर।** शासन के कड़े निर्देश के बाद भी उर्वरक दूकान संचालक अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे है। आलम यह है कि किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक कीमत पर खाद की बिक्री की जा रही है। इसी कड़ी में शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक विक्रय किए जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बड़ादमाली के मेसर्स इन्द्र कृषि सेवा केन्द्र की उर्वरक अनुज्ञप्ति निरस्त कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 जून को ग्राम नानदमाली व बड़ादमाली के कृषकों द्वारा मेसर्स इन्द्र कृषि सेवा केन्द्र के विरूद्ध शिकायत की गई थी। जिसके अनुसार मेसर्स के द्वारा निर्धारित शासकीय मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक बिक्री की जा रही थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए क्षेत्रीय उर्वरक निरीक्षक एवं जिला स्तरीय टीम द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित कृषकों के बयान व साक्ष्यों से यह पुष्टि हुआ कि मेसर्स के द्वारा शासन द्वारा घोषित मूल्य से अधिक मूल्य पर उर्वरक बिक्री की जा रही थी, जो उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के खण्ड-3 (3) का स्पष्ट रूप से उल्लघंन है। अनियमितता एवं उर्वरक निरीक्षक क्षेत्र नवानगर के अनुशंसा के आधार पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 की धारा 31 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उर्वरक पंजीयन प्राधिकारी एवं उप संचालक कृषि द्वारा मेसर्स इन्द्र कृषि सेवा केन्द्र के प्रोपराइटर श्रीमती श्वेता सोनी को जारी उर्वरक अनुज्ञप्ति निरस्त कर दी गई है।

---

13 श्रद्धालु घायल, 4 की हालत गंभीर, गंभीर रूप से घायल यात्री मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर

# बांक घाट पर श्रद्धालुओं से भरा वाहन पेड़ से टकराकर पलटा



दुर्घटनाग्रस्त पिकअप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर/ओड़गी

सिंगरौली से कुदरगढ़ देवी धाम जा रहे श्रद्धालुओं से भरा पिकअप बांक घाट मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में 13 श्रद्धालु घायल हो गए जिनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल श्रद्धालुओं का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है जबकि अन्य घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी में भर्ती किया गया है।

**खास बात**

- सीमावर्ती मध्यप्रदेश के भुईडांड से जा रहे थे कुदरगढ़ देवीधाम

मध्यप्रदेश के सीमावर्ती सिंगरौली जिला के आधा दर्जन से अधिक गांवों के श्रद्धालुओं ने ओड़गी स्थित कुदरगढ़ देवी का दर्शन करने की योजना बनाई थी तथा शुक्रवार को तड़के पिकअप क्रमांक एचफी 66 जी 2280 पर सवार होकर ग्राम भुईडांड से कुदरगढ़ धाम के लिए रवाना हुए थे। श्रद्धालुओं ने देवी का दर्शन पूजन करने के बाद वापस घर लौटने की भी योजना बनाई थी। चालक तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था। इस दौरान बांक घाट स्थित अंधे मोड़ पर तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वहीं श्रद्धालु दूर जा गिरे। दुर्घटना के बाद श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर घटनास्थल पर पहुंचे राहगीरों एवं ग्रामीणों ने मिलकर राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया। घटनास्थल ओड़गी से 20 किमी दूर होने के कारण कुछ देर में पुलिस भी पहुंची एवं घायलों को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। दुर्घटना में 13 श्रद्धालु घायल हुए हैं जिनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने ग्राम साजापानी निवासी श्रीमती जयमति गोड़ पति गिरधारी (36वर्ष), जयगदिया निवासी मानकुंवर खैरबार, पति कमल खैरबार (23वर्ष), रम्भा गोड़ पति छोटेलाल (50वर्ष) एवं प्रेममति गोड़ पति राजवंशी (19वर्ष) की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया जबकि अन्य 9 घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी में किया जा रहा है। घायलों में 7 महिलाएं शामिल हैं।

### की जा रही निगरानी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घायलों की लगातार निगरानी की जा रही है। इलाज से घायलों के स्वास्थ्य में सुधार आया है।

-डॉ.विजय चौहान, बीएमओ, ओड़गी

### सवार थे 35 से अधिक श्रद्धालु

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप में भेड़ बकरियों की तरह 35 से अधिक श्रद्धालु सवार थे तथा चालक तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था। मालवाहक वाहनों में सवारी परिवहन करने की मनाही के बावजूद क्षेत्र में सवारियों के लिए धड़ल्ले से पिकअप का उपयोग किया जा रहा है। आए दिन गंभीर दुर्घटनाएं होने के बावजूद पिकअप से सवारियों का परिवहन नहीं रूक रहा है। श्रद्धालुओं से भरा पिकअप भी नवाटोला अंतर्राज्यीय बैरियर, मोहरसोप पुलिस चौकी एवं बिहारपुर थाना होते हुए बांक घाट पहुंचा था। अंतरराज्यीय चेक पोस्ट से लेकर बांक घाट के बीच कहीं भी पिकअप सवारों से जांच-पूंछ नहीं की गई। इसके पूर्व भी बांक घाट पर कई गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी है। चार महीने पूर्व ही एक बोलेरो के दुर्घटनाग्रस्त होने पर 3 सवारों की मौत हो गई थी।

### घाट पर नहीं है संकेतक

नवाटोला-ओड़गी मार्ग की लंबाई 8 किमी है तथा यह भारत में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की सबसे लम्बी सड़क है। मार्ग में कई खतरनाक मोड़ एवं घाट हैं लेकिन कहीं भी विभाग द्वारा संकेतक नहीं लगाया गया है। मध्यप्रदेश को जोड़ने वाला एकमात्र मार्ग होने के कारण मार्ग पर यातायात का काफी दबाव रहता है। बांक घाट पर भी कई अंधे मोड़ है जहां संकेतक नहीं होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती है। ग्राम बसनारा से लेकर बांक घाट तक 27 किमी लम्बा क्षेत्र घने जंगल का इलाका है तथा इस क्षेत्र में कोई गांव नहीं होने के कारण दुर्घटना होने पर यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र में नेटवर्क उपलब्ध नहीं होने के कारण किसी से भी संपर्क नहीं होता।

## सड़क किनारे घर के अहाता में पलटा गिट्टी लोड ट्रक, मची अफरा तफरी

**बलरामपुर।** शुक्रवार की देर रात कलेक्टर भवन के समीप उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब तेज रफ्तार गिट्टी लोड ट्रक अनियंत्रित हो कर सड़क किनारे कच्चे मकान के अहाता में पलट गया। दुर्घटना में गिट्टी व वाहन के नीचे दबने से चार मवेशियों की मौत हो गई जबकि घर के अहाता गिरने से तीन लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- गिट्टी में दबने से चार मवेशियों की मौत, घर के तीन सदस्य हुए घायल

जानकारी के अनुसार अंबिकापुर की ओर से रामानुजगंज की ओर गिट्टी लोड करके ट्रक क्रमांक जेएच 02 बीएक्स 7511 के चालक ट्रक लेकर जा रहा था। जैसे ही चालक बलरामपुर संत कलेक्टर भवन के समीप मोड के पास पहुंचा तभी चालक तेज रफ्तार ट्रक से नियंत्रण को दिया जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर सीधे रोड से नीचे उतरकर सड़क किनारे कच्चा मकान के अहाता को तोडते हुए पलट गई। अहाता के टूटने तथा गिट्टी व ट्रक के नीचे दबने से चार मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मकान मालिक रात को परिवार के साथ सो रहे थे और उसे मकान के रहने वाले व्यक्ति का चार मवेशी घर के बगल में बंधे हुए थे। दुर्घटना में चार मवेशियों का



मौत हो गई वहीं मकान मालिक लक्ष्मण शर्मा के बेटा, बहु और पोता घायल हो गए। देर रात अचानक हुई दुर्घटना से अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की जानकारी लगते ही आसपास के लोगों की मदद से घायलों तत्काल जिला अस्पताल भर्ती कराया गया जहां उपचार जारी है। दुर्घटना की जानकारी सुबह कलेक्टर को लगने के बाद कलेक्टर घायलों की जानकारी ली और शासन से हर संभव मदद की आश्वासन दी। दुर्घटना के पीछे ओवर लोडिंग और तेज रफ्तार बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि नेशनल हाईवे निर्माण नहीं होने तथा जिस जगह सड़क बना है उसमें साइड शोल्डर मिट्टी डालकर नहीं भरना गया है जिससे दुर्घटना हुई।

### जयनगर बाजार मोड़ पर 670 बोरी यूरिया लोड ट्रक का डाला पलटा, बड़ी अनहोनी टली

**बिश्रामपुर।** एनएच 43 पर शुक्रवार की शाम ग्राम जयनगर के साप्ताहिक बाजार मोड़ पर एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। रेलवे रेक प्वाइंट से लगभग 670 बोरी यूरिया लेकर कुनकुरी की ओर जा रहे एक ट्रक का डाला अचानक पलट गया। घटना के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद दुकानदार और राहगीर अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएच 9124 के मालिक संजय गुप्ता, निवासी अंबिकापुर हैं। ट्रक को प्रियांशु साहू निवासी अंबिकापुर चला रहे थे, जबकि उनके साथ खलासी शंभू पण्डो पिता मोहन पण्डो, निवासी बहाचुरा रामचंद्रपुर मौजूद थे। ट्रक रेलवे रेक प्वाइंट बिश्रामपुर से उर्वरक की करीब 670 बोरी यूरिया लोड कर एमएफ कुनकुरी गोदाम पहुंचाने के लिए रवाना हुआ था। शाम करीब 5 बजे जैसे ही ट्रक जयनगर साप्ताहिक बाजार के समीप स्थित मोड़ पर पहुंचा, अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया। देखते ही देखते ट्रक का डाला एक ओर पलट गया। कुछ क्षणों के लिए ऐसा लगा कि पूरा ट्रक पलट जाएगा और हाईवे पर बड़ा हादसा हो जाएगा, लेकिन बड़ी अनहोनी टल गई। घटना ऐसे स्थान पर हुई, जहां शाम के समय भीड़ रहती है। उस समय दोपहिया वाहन, कारें और पैदल राहगीर लगातार आवाजाही कर रहे थे। यदि ट्रक पूरी तरह पलट जाता या सैकड़ों बोरी यूरिया सड़क पर बिखर जातीं, तो राष्ट्रीय राजमार्ग कई घंटों तक बाधित हो सकता था और जनहानि की भी आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। हादसे के बाद कुछ समय तक हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा। दुर्घटना उपरांत चालक मौके से फरार हो गया है। सूचना मिलने के बाद जयनगर पुलिस मौके पर पहुंच व्यवस्था सुदृढ़ कर रही है।प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि मोड़ पर अचानक संतुलन बिगड़ने से ट्रक का डाला पलट गया।



---

# चार नग साल लट्ठा के साथ पिकअप वाहन और हाइड्रा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

वन विभाग ने अवैध रूप से लकड़ी तस्करी के मामले में कार्रवाई की है। वन विभाग ने पिकअप वाहन समेत 4 नग साल लट्ठा बरामद किया है। वन विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि वन विभाग को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि कक्ष क्रमांक पी-2402 के समीप अवैध रूप से साल लकड़ी का कटाई कर परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर दिनांक वन विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। इस दौरान मौके पर पिकअप वाहन क्रमांक ओडी 23 एन 9966 में लगभग 04 नग साल लट्ठा (कुल 0.955 घनमीटर) लोड किया जा रहा था तथा एक ट्रैक्टर हाइड्रा लकड़ी लोडिंग कार्य में प्रयुक्त पाया गया। वन अमले को देखकर वाहन



चालक एवं अन्य संबंधित व्यक्ति मौके से फरार हो गए। वन विभाग ने वाहन एवं अवैध वनोपज को भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 52(1), धारा 33(1) (क), (च) तथा छत्तीसगढ़ वनोपज अभिवहन नियम 2001 के प्रावधानों के अंतर्गत जब्त किया है। वन विभाग ने मामले में जशपुर जिले के पत्थलगांव बाग़बहरा सरईटोला निवासी 29 वर्षीय पिकअप चालक दिनेश यादव आ. कलेश्वर यादव, हाइड्रा चालक सीतापुर ठोंढागांव निवासी 26 वर्षीय गोपाल यादव आ. ओंकार यादव के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। वन विभाग द्वारा जब्त वनोपज और वाहनों को सुरक्षित रूप से फॉरेस्ट कैम्पस डिपो सीतापुर में रखा गया है और मामले की जांच चल रही है।

### 3 भालुओं ने ग्रामीण को किया लहूलुहान

**बिहारपुर।** जंगल के रास्ते घर लौट रहे ग्रामीण पर तीन भालुओं ने हमला कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित का शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने भालुओं को भगाकर उसकी जान बचाई। ग्राम कछवारी निवासी रतन सिंह गोड़ गुरूवार की शाम ग्राम खोहिर में लोहार के पास कृषि औजार बनवाने गया था औजार लेकर शाम 6 बजे वापस घर लौट रहा था। इस दौरान गढ़वतिया पहाड़ के पास तीन भालुओं ने उस पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। भालुओं से घिरे ग्रामीण का शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने भालुओं को भगाकर ग्रामीण की जान बचाई तथा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। भालुओं ने ग्रामीण के हाथ को जख्मी कर दिया था। स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उसकी छुट्टी कर दी गई।



# साइबर ठगों ने बनाया एसएसपी राजेश अग्रवाल का फर्जी फेसबुक प्रोफाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

साइबर ठगों के हौसले किस कदर बुलंद है इसका अंदाजा इस बात से लगया जा सकता है कि अब अपराधी पुलिस अधीक्षक का फेक आईडी बनाने से भी बाज नहीं आ रहे है। ताजा मामला सरगुजा से सामने आया है जहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल का फर्जी फेसबुक आईडी बना लिया गया। इस मामले का खुलासा होने के बाद एसएसपी की ओर से साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।

- जानकारी सामने आने के बाद कराई गई साइबर सेल में शिकायत

बता दें कि सरगुजा में साइबर ठगी के मामले आए दिन सामने आते रहते है। कभी लोगों को एपीके फाइल भेजकर उनके मोबाइल को




हैक किया जाता है तो कभी उनके नाम से फर्जी वाट्सएप अकाउंट बनाकर रुपयों की मांग की जाती है। इसके अलावा भी स्कीम के नाम पर व अन्य तरीकों से साइबर ठग लोगों को ठगने का प्रयास करते है। इन साइबर ठगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई भी करती है लेकिन साइबर ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे। अब साइबर ठग के हौसले इस कदर बुलंद है कि वे पुलिस विभाग के आला अधिकारी का ही फर्जी प्रोफाइल बनाकर ठगी का प्रयास कर रहे है। जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल का फर्जी फेसबुक आईडी बनाने का मामला भी शुक्रवार को सामने आया है। साइबर ठगों द्वारा फर्जी आईडी बनाई गई और उसमें एसएसपी श्री अग्रवाल की फोटो और पुलिस विभाग के आला अधिकारियों की फोटो लगाकर लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर चैट में मोबाइल नंबर मांगा जा रहा है। इस बात की जानकारी लगने के बाद एसएसपी श्री अग्रवाल ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है और मेटा कंपनी को भी इसकी सूचना दी गई है। एसपी ने लोगों से साइबर ठगों से सर्तक रहने और किसी भी प्रकार की ठगी होने पर तत्काल पुलिस से शिकायत करने की बात कही है।

---

लोगों के भारी विरोध के बीच रोका गया निर्माण कार्य

# रिंग रोड के दुर्घटना संभावित स्थानों के डिवाइडर को किया जा रहा बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के रिंग रोड के खुले हुए डिवाईडर को बंद करने कार्य का लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा है। शुक्रवार को रिंग रोड में मिशन चौक के समीप नवापारा गली के सामने मौजूद डिवाईडर को बंद करने के दौरान लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। भारी विरोध के कारण फिलहाल काम बंद करा दिया गया है। हालांकि लोनिवि का कहना है कि चिन्हांकित स्थानों पर होने वाले हादसों के कारण यह निर्णय लिया गया है और कलेक्टर के निर्देश पर खुले डिवाईडर को बंद करने का कार्य किया जा रहा है।

बता दें कि शहर के रिंग रोड में डिवाईडर को जगह जगल से खाली छोड़ा गया है ताकि लोग आवागमन कर सके। ज्यादातर डिवाईडर गली मोहल्लों से निकलने वाले रास्ते पर खोला गया है। इन स्थानों पर गलियों में काफी चढ़ाई होती है ऐसे में तेजी से सड़क पर आने के कारण लोग दुर्घटना के शिकार होते है। इसके साथ ही रिंग रोड पर जगह जगह खाली



छोड़े गए डिवाईडर के कारण लापरवाहीपूर्वक वाहन मोड़ने के कारण भी हादसे होते है। इन हादसों को देखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर रिंग रोड में दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का सर्वे कराया गया था। सर्वे के दौरान लगभग 40 ऐसे स्थानों का चिन्हांकन किया है और डिवाईडर को बंद करने का कार्य किया जा रहा है। अब तक लगभग 17 ऐसे स्थानों का डिवाईडर बंद कराया जा चुका है। इसी कड़ी में शुक्रवार को रिंग रोड मिशन चौक के समीप नवापारा की ओर जाने वाली गली के सामने डिवाईडर के खाली स्थान को बंद करने का कार्य किया जा रहा था। डिवाईडर को बंद करने के कार्य का स्थानीय लोगों ने विरोध किया। लोगों का कहना था कि डिवाईडर मार्ग बंद होने उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। लोगों के भारी विरोध के कारण निर्माण कार्य को बंद करना पड़ा और नगर निगम की उड़न दस्ता टीम निर्माण सामग्री लेकर वापस लौट गई हालांकि इस दौरान जोड़े गए ईंटों को सड़क पर ही छोड़ दिया गया। आधा अधूरा यह निर्माण भी दुर्घटना का कारन बन सकता है।

### जारी रहेगा कार्य

कलेक्टर के निर्देश पर दुर्घटनाजनित स्थानों का सर्वे कराया गया था। 40 ऐसे स्थानों का चिन्हांकन किया गया है जहां डिवाइडर बंद किए जा रहे है। इस दौरान लोगों के विरोध का सामना भी करना पड़ रहा है। डिवाईडर को बंद करने का कार्य जारी रहेगा।

**वीरेंद्र चौधरी**, ईई लोनिवि

# खड़े ट्रेलर से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत

**बिश्रामपुर।** राई जंगल समीप मुख्य मार्ग पर गुरुवार रात एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। हादसे की खबर मिलते ही दोनों गांवों में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

- बिना चेतावनी संकेत व रेडियम के खड़ा किया गया था ट्रक, दो गावों में शोक का माहौल

करंजी पुलिस ने बताया कि रामानुजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम तेलाईमुड़ा निवासी 20 वर्षीय बीरपाल यादव और लटोरी चौकी अंतर्गत ग्राम करसू निवासी 21 वर्षीय संजय कुमार यादव गुरुवार शाम रिश्तेदारी में ग्राम राई जा रहे थे। बीरपाल अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 16 सीए 4578 चला रहा था, जबकि संजय पीछे बैठा था। रात करीब 8.30 बजे जब दोनों राई जंगल के मुख्य मार्ग पर पहुंचे, तभी सड़क पर पहले से खड़े एक ट्रेलर क्रमांक सीजी 16 ए 2538 से उनकी बाइक जा टकराई। परिजनों का आरोप है कि ट्रेलर चालक ने वाहन को लापरवाहीपूर्वक सड़क पर खड़ा कर रखा था और उसमें न तो कोई इंडिकेटर जल रहा था और न ही पीछे कोई रेडियम या चेतावनी संकेत दिखाई दे रहा था। अंधेरे में ट्रेलर नजर नहीं आने से बाइक सीधे उसके पिछले हिस्से से जा भिड़ी,टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और उनकी मौके पर हो गई है, सूचना पर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। दोनों युवकों की असामयिक मौत से ग्राम तेलाईमुड़ा और करसू में शोक की लहर है।



8 March
Happy Woman's Day

# हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम



प्रथम पुरस्कार
वासिंग मशीन
**रजनी कौशिक**

द्वितीय पुरस्कार
इंडक्शन
**कामिनी पटेल**

तृतीय पुरस्कार
मिक्सर ग्राइंडर
**काव्या कौशिक**

चतुर्थ पुरस्कार
इलेक्ट्रिक आयरन
**पूजा सिन्हा**

## विशेष पुरस्कार



रेखा वर्मा | दिव्यांशी थवाईत | अदिती खरे | यूविका कश्यप | अपूर्वा कौशिक

## सांत्वना पुरस्कार जिला-कोरबा



दिशीता सपहा | अमृता देवांगन | सरला पांडेय | मालती सराफ | शिल्पी उपाध्याय | सपना श्रीवास | श्रुति सोनी | आशमा खातून | रेनू कैवर्त | शांति बाई

## सांत्वना पुरस्कार जिला-सरगुजा



अभिलाषा सिन्हा | पूनम विश्वकर्मा | सोनल श्रीवास्तव | आशा सिन्हा | शैली सिन्हा | संस्कृति श्रीवास्तव | कविता सराठे | दीपा गुप्ता | मौसम | पूजा गोयल

## सांत्वना पुरस्कार जिला-जांजगीर



दीपिका श्रीवास | चमेली साहू | कामिनी जायसवाल | सीता बाई साहू | आभा शुक्ला | फिंगेश्वरी आदित्य | आकांक्षा साहू | सोनाली जायसवाल | बबली साहू | भारती साहू

## सांत्वना पुरस्कार जिला-कोरिया



दीपिका चाँद | परिभाषिका | दीपा यादव | धनेश्वरी | खुशबू देवी | रेखा उपाध्याय | संजू ठाकुर | जसीना खातुन | प्रियंका सिंह | राजकुमारी यादव

## सांत्वना पुरस्कार जिला-रायगढ़



नीलम सिंह ठाकुर | नीता सारथी | सरस्वती चौहान | शोभा ठाकुर | अर्पणा राय

**पुरस्कार वितरण की सूचना अतिशीघ्र दी जाएगी... पढ़ते रहिए हरिभूमि...**

## खबर संक्षेप



### साइबर अपराध को लेकर हुआ जागरूकता कार्यशाला

**प्रतापपुर।** तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों और डिजिटल माध्यमों के बढ़ते उपयोग को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल साइबर सिक्योरिटी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता एवं मार्गदर्शक के रूप में नगर निरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, ओटीपी एवं बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया सुरक्षा, डिजिटल भुगतान में सावधानियां तथा व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी नई-नई तकनीकों का उपयोग कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं, इसलिए प्रत्येक नागरिक को डिजिटल दुनिया में सतर्क और जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय के डायरेक्टर एवं प्राचार्य डॉ. राकेश मोहन मिश्रा, वाइस प्रिंसिपल सुनील महापात्र, विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, अभिभावक तथा लगभग 300 विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को साइबर सतर्कता एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने की शपथ भी दिलाई गई तथा समाज में साइबर जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया।

### शुभम जायसवाल सरगुजा संभाग प्रभारी एवं कोमल सूरजपुर जिला प्रभारी नियुक्त

**सूरजपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व द्वारा संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं।





नई नियुक्तियों में शुभम जायसवाल को सरगुजा संभाग का संगठन प्रभारी एवं लोकेश साहू को संभाग का सहप्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजयुमो की प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल पटेल को सूरजपुर जिले का संगठन प्रभारी तथा आनंद ताम्रकार को जिले का सहप्रभारी घोषित किया गया है। इन महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्तियों से सूरजपुर जिले सहित पूरे सरगुजा संभाग के समस्त भाजयुमो कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता ने कहा कि कुशल नेतृत्व, ऊर्जावान मार्गदर्शन और संगठनात्मक अनुभव से सरगुजा संभाग और विशेषकर जिले में पार्टी को एक नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

### शिक्षकों ने की परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने से पूर्व स्थायीकरण प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग, सौंपा ज्ञापन



**डांड़गांव।** विकासखंड उदयपुर में पदस्थ लगभग 45 नवनियुक्त शिक्षकों ने सितंबर में पूर्ण होने वाली तीन वर्षीय परिवीक्षा अवधि को देखते हुए स्थायीकरण की प्रशासनिक प्रक्रिया समय रहते प्रारंभ किए जाने की मांग को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी मृत्युंजय पांडे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नवनियुक्त शिक्षकों ने बताया है कि परिवीक्षा अवधि समाप्त होने से पूर्व ही विभागीय मूल्यांकन, गोपनीय प्रतिवेदन सेवा सत्यापन एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताएं प्रारंभ कर दी जाएं, ताकि परिवीक्षा अवधि पूर्ण होते ही नियमानुसार स्थायीकरण आदेश जारी किए जा सकें और अनावश्यक प्रशासनिक विलम्ब से बचा जा सके। शिक्षकों का कहना है कि समय पर प्रक्रिया प्रारंभ होने से न केवल विभागीय कार्य में सुगमता आएगी, बल्कि पात्र शिक्षकों को नियमानुसार स्थायीकरण का लाभ भी समय पर मिल सकेगा।

## दो साल से चल रहा निर्माण, दीवार में पड़ने लगी दरार

# एकलव्य आवासीय विद्यालय भवन निर्माण में भारी अनियमितता, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

**खास बातें**
- निर्धारित अवधि में भवन नहीं हुआ पूर्ण

केंद्र सरकार द्वारा पिछड़े आदिवासी और जनजातीय क्षेत्रों की बच्चियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित आवास और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल एकलव्य आवासीय विद्यालय अब भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। जिस विद्यालय को आदिवासी बेटियों के सुनहरे भविष्य की मजबूत नींव बनना था, उसी निर्माण कार्य में ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की कथित मिलीभगत से भारी अनियमितताओं के आरोप सामने आ रहे हैं। भवन निर्माण में बरती जा रही लापरवाही को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है और भवन निर्माण की जांच व दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

ग्रामीणों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि करोड़ों रुपये की इस परियोजना में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। लगातार शिकायतों के बावजूद न तो निर्माण कार्य की गंभीर जांच कराई जा रही है और न ही दोषियों पर कोई कार्रवाई हो रही है। ऐसे में आदिवासी बाहुल्य विकासखंड ओड़गी में निर्माणाधीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भवन को लेकर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्राम पंचायत पालदलोनी के सरपंच ऋषिराज सिंह सहित ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि करोड़ों रुपये की लागत से आदिवासी विद्यार्थियों के लिए बनाए जा रहे इस आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण में घटिया गुणवत्ता की ईंट, सीमेंट और अन्य सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जिस प्रकार निर्माण कार्य हो रहा है, उससे भवन की मजबूती पर भी सवाल उठने लगे है। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते निर्माण गुणवत्ता की जांच नहीं हुई तो भविष्य में यह भवन किसी बड़े हादसे की वजह बन सकता है।



निर्माणाधीन भवन।

### कछुआ चाल में निर्माण

क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य पिछले लगभग दो वर्षों से जारी है। निर्माण कछुआ की चाल की तरह बेहद धीमी है जिससे आज तक भवन निर्माण पूरा नहीं हो सका। कछुए की गति से निर्माण होने के बावजूद गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है। कई स्थानों पर दीवारों में दरारें दिखाई दे रही हैं तथा मसाले में सीमेंट की मात्रा कम और रेत अधिक होने की शिकायत सामने आई है।

#### नहीं लगाए गए है सूचना पटल

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि करोड़ों रुपये की इस परियोजना के बावजूद निर्माण स्थल पर आज तक सूचना पटल नहीं लगाया गया है। इससे परियोजना की स्वीकृत लागत, निर्माण एजेंसी, कार्य अवधि तथा संबंधित अधिकारियों की जानकारी सार्वजनिक नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने इसे पारदर्शिता के विपरीत बताते हुए निर्माण स्थल पर तत्काल सूचना पटल लगाए जाने की मांग की है।

#### पूर्व विधायक ने जताई नाराजगी

भटगांव के पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की स्वीकृति उनके विधायक कार्यकाल में हुई थी। यह परियोजना क्षेत्र के गरीब एवं आदिवासी विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है, तो यह बेहद गंभीर मामला है। भवन निर्माण में गुणवत्ता संबंधी शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि विभागीय इंजीनियर की नियमित मौजूदगी नहीं होना भी संदेह पैदा करता है। यदि निर्माण में तत्काल सुधार नहीं किया गया और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई, तो क्षेत्रवासियों के साथ आंदोलन किया जाएगा।

#### ग्रामीणों की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से निर्माण की उच्चस्तरीय जांच, गुणवत्ता परीक्षण, नियमित तकनीकी निरीक्षण तथा निर्माण कार्य की पूरी जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि आदिवासी बच्चों के भविष्य से जुड़े इस महत्वपूर्ण भवन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्माण सामग्री की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए और यदि किसी स्तर पर अनियमितता या लापरवाही सामने आती है तो संबंधित ठेकेदार एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

#### नियमित निगरानी नहीं

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का नियमित निगरानी नहीं हो रहा है। विभागीय इंजीनियर की नियमित निगरानी नहीं होने से मनमानी तरीके से निर्माण कराया जा रहा है। अधिकांश समय निजी इंजीनियर की देखरेख में काम कराया जा रहा है जिससे गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। निर्माण की जांच कराई जाए तो मानक विपरीत निर्माण सामग्री पाई जाएगी।

-ऋषि राज सिंह
सरपंच पालदलोनी

#### कराई जाएगी जांच

निर्माण एजेंसी हरियाणा की है जो इंजीनियर वहीं के है। भवन निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच के पश्चात कार्रवाई की जाएगी।

-ऋषभ मिश्रा, इंजीनियर पीडब्ल्यूडी



# परिजन ने अटल चौक के समीप शुरू की अनिशिचत कालीन भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- अस्पताल के छत से गिरकर मरीज की हुई थी मौत

जिला अस्पताल के छत से अस्पताल में भर्ती मरीज की गिरकर मृत्यु हो जाने के मामले में उसके परिजनों द्वारा जिला मुख्यालय के अटल चौक के पास अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सिंदूर निवासी कौलेश्वरी आयाम को उसके परिजनों द्वारा 27 अप्रैल को जिला अस्पताल में बुखार और गैसट्रिक की बीमारी को लेकर के इलाज के लिए लेकर आए थे। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कर दिया जहां महिला का इलाज चल रहा था। इसी दौरान 30 अप्रैल को देर रात महिला मृत्यु हो गई। कुछ लोगों ने बताया और जांच में पता चला कि महिला देर रात को अस्पताल की छत में चली गई थी और वहां से छलांग लगा दी जिससे उसकी मौत हो गई। इस बात को लेकर के परिजन काफी नाराज हुए और अस्पताल प्रबंधन व सुरक्षा प्रबंधन की आलोचना करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही उचित मुआवजा की मांग की गई। लेकिन मृतिका की मृत्यु हुई दो माह से अधिक बीत गया लेकिन अभी तक अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई और न ही मृतिका के परिजन मुआवजा राशि मिला। इस बात से नाराज परिजन ने अस्पताल प्रबंधन और सुरक्षा प्रबंधन के खिलाफ अपराध दर्ज करने तथा उचित मुआवजा की मांग को लेकर 13 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना और भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। इधर गत दिवस धरना प्रदर्शन में कांग्रेस कमेटी के सदस्य भी शामिल हुए। इस दौरान हैदर अली, समीर सिंह, कृपा शंकर, सुनील गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं विकास गुप्ता आ. श्री जगनारायण गुप्ता, उम्र 37 वर्ष, निवासी ग्राम गोधनपुर तह. अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं ग्राम गोधनपुर तह. अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. का स्थायी निवासी हूँ। मैं अपने नाबालिक पुत्री का पुराना नाम आधार कार्ड में वंशिका गुप्ता (VANSHIKA GUPTA) दर्ज है जिसे बदलकर वैष्णवी गुप्ता (VAISHNAVI GUPTA) करवाना चाहता हूँ। मैं अपने पुत्री नाम बदलकर यदि कोई गैरकानूनी काम करता हूँ तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूँगा। मेरे पत्नी श्रीमती शकुन्तला गुप्ता को हमारे नाबालिक पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है। मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशों हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ तथा समक्ष प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
विकास गुप्ता
आ. श्री जगनारायण गुप्ता
निवासी- ग्राम ग्राम गोधनपुर
तह.अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202601020700105/अ-6/2025-26

**आम सूचना**

एतद् द्वारा श्री सुभाशीष मुखर्जी आ.स्व.विहितचंद मुखर्जी, सुभाषचन्द्र मुखर्जी आ. स्व. विनयचंद मुखर्जी, विजनचन्द्र मुखर्जी आ.स्व. प्रकाशचंद मुखर्जी, सभी निवासी नमनाकला, महामाया पेट्रोल पम्प अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण पवन सोनकर आ.स्व.शिवनाथ सोनकर व अन्य निवासी नमनाकला, खटिकपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 607/1 रकबा 0.376 हे. में से रकबा 1044 वर्गफीट भूमि के राजस्व अभिलेखों में पंजीबद्ध विक्रयपत्र दिनांक 13.06.2003 के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन के आधार पर प्रकरण दर्ज कर नामांतरण हेतु प्रकरण विचाराधीन है। आवेदक पक्ष को आपका सही पता ज्ञात नहीं होने के कारण नोटिस तामिली नहीं हो पा रहा है। समाचार पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि उक्त संबंध में आपको कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/07/2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर

# शाला प्रवेश उत्सव में विद्यार्थियों का किया गया स्वागत, दी गई पुस्तकें

**अम्बिकापुर।** शासकीय उच्चतर माध्यामिक विद्यालय, खलीबा में जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, जपं के सभापति विजय व्यापारी के आतिथ्य एवं प्राचार्य श्रीमती मीना पुरोहित की अध्यक्षता में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक-चंदन एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया तथा निःशुल्क पाठ्यपुस्तके वितरित की गई। अतिथियों ने सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत पात्र छात्राओं को साइकिल वितरित किया साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन करने अनुशासन एवं पर्यावरण संरक्षण को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की आधारशिला है तथा प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य श्रीमती मीना पुरोहित ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सरपंच शांति बाई, रामनाथ भगत, बहुरन राय, शामिल राम, महेश्वर यादव सहित अन्य अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित थे।



# सतपता-केशवनगर स्थित एनएच 43 में दो साल से स्ट्रीट लाइट खराब, हादसों का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- भाजयुमो कार्यकर्ता एवं सरपंच ने सुधार कराने हेतु कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

एनएच 43 पर दो वर्षों से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें अब राहगीरों, वाहन चालकों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। लगातार बढ़ते सड़क हादसों और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ता दुर्गा गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराने की मांग की है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम केशवनगर, सतपता अंतर्गत मधुबन होटल से एस्सार पेट्रोल पंप तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइटें पिछले करीब दो वर्षों से खराब पड़ी हैं। रात होते ही पूरा मार्ग अंधेरे में डूब जाता है, जिससे इस व्यस्त हाईवे पर आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे के कारण इस मार्ग पर कई बार वाहन चालक सामने से आने वाले वाहनों, पैदल राहगीरों या सड़क पर घूम रहे मवेशियों को समय रहते नहीं देख पाते, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। समय रहते स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण दिन-रात भारी वाहनों के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिकों का आवागमन रहता है। रात के समय घना अंधेरा होने से महिलाओं को भी असुरक्षा और असहजता का सामना करना पड़ता है। पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण लोगों में भय का माहौल बना रहता है। सिर्फ यात्री ही नहीं, बल्कि आसपास के किसान भी इस समस्या से प्रभावित हैं। सड़क के दोनों ओर किसानों ने धान की फसल लगाई है। अंधेरे का फायदा उठाकर आवारा मवेशी खेतों में घुस जाते हैं और फसल को नुकसान पहुंचाते हैं। पूर्व जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता ने कहा कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है और कई बार लोगों ने इसे उठाया है, लेकिन अब तक समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने ग्रामीणों, किसानों और राहगीरों की सुरक्षा को देखते हुए स्ट्रीट लाइटों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की।

कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई कर स्ट्रीट लाइटों को जल्द दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में केशवनगर सरपंच राजकुमार सिंह, गोविंद राय, राकेश यादव, वंशराज सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, सुषमा सुपुत्री श्री सहादन राम, निवासी ग्राम-लुण्डरी-राँची, झारखण्ड मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मैं ग्राम- लुण्डरी, पोस्ट-टांगर थाना-चान्हो, जिला-राँची, झारखंड की स्थायी निवासी हूँ। मेरा पुराना नाम सुषमा है तथा मैं अपना नाम बदलकर सुषमा केरकेट्टा (नया नाम) करवाना चाहती हूँ। मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है। मै नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करती हूँ तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं रहूंगी। मैं यह शपथ पत्र अपने पुरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

भवदीय
सुषमा
सुपुत्री श्री सहादन राम
निवासी- ग्राम लुण्डरी, पोस्ट-टांगर
थाना-चान्हो, जिला- राँची, झारखंड

TOP IN SURGUJA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY
LAPAROSCOPIC SURGEON

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
डॉ. प्रसून सागर
M.B.B.S, MD, DM (Cardiology)
पूर्व कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली
धड़कन बढ़ना, उत्तेजना, हृदय की व्याकुलताव घुटन हृदय रोग से संबंधित सभी रोगों के लिए
दिनांक - 19 जुलाई 2026, दिन -रविवार
समय - सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 जुलाई 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### रीता सरकार को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक रीता सरकार को संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय ने डॉक्टरेट उपाधि प्रदान की है। उन्होंने राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र शोध केंद्र से प्रो.जेसिन्ता मिंज के मार्गदर्शन में पॉलीटेक्निक कल्चर एमंग पंडो-ए स्टडी विथ रिफरेंस टू सरगुजा डिस्ट्रिक्ट विषय पर शोध कार्य किया है।

### मैनपाट से रायपुर के लिए यात्री बस का संचालन प्रारंभ, लोगों को मिलेगा लाभ




**मैनपाट।** क्षेत्र के लोगों द्वारा लंबे समय से रायपुर तक की बस संचालन की मांग पर गत दिनों मैनपाट से रायपुर तक के लिए बस सेवा प्रारंभ हुआ। यात्री बस के शुरू हो जाने से क्षेत्र के लोग काफी खुश है। मैनपाट से रायपुर के लिए यात्री बस की शुरुआत 15 जुलाई से शुरू हो गया। यह बस मैनपाट से सीतापुर, पत्थलगांव, लैलूंगा, घरघोड़ा, रायगढ़ से होते हुए बिलासपुर एवं रायपुर तक जाएगी। मैनपाट से रायगढ़ की ओर जाने वाले यात्रियों को इसका फायदा मिलेगा। लम्बे समय से क्षेत्र के लोग रायगढ़ की ओर जाने वाली बस सेवा की मांग कर रहे थे। दो यात्री बसों के संचालन शुरू होने से यात्रियों को काफी सुविधा होगी।

### आरटीई के तहत निजी स्कूलों में मिलेगा प्रवेश

बैकुण्ठपुर। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निजी विद्यालयों में कक्षा पहली की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु तृतीय एवं अंतिम चरण की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर द्वारा जारी निदेशों के अनुसार विस्तृत समय-सारणी जारी की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी, कोरिया ने बताया कि निजी विद्यालयों में आरटीई की रिक्त सीटों पर अधिक से अधिक पात्र बच्चों को प्रवेश दिलाने के उद्देश्य से यह अंतिम चरण संचालित किया जा रहा है। अभिभावकों से निर्धारित तिथियों के भीतर आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने तथा आवश्यकता होने पर पूर्व आवेदन में संशोधन करने की अपील की गई है।

**यह रहे महत्वपूर्ण चरण-** 21 जुलाई 2026 तक जिला स्तर पर विद्यालयवार आरटीई की रिक्त सीटों का प्रकाशन, 22 जुलाई से 5 अगस्त तक पात्र अभिभावकों द्वारा आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं पूर्व आवेदनों में संशोधन। 25 जुलाई से 7 अगस्त तक नोडल प्राचार्यों द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण, सत्यापन तथा पात्र एवं अपात्र आवेदनों की पोर्टल पर प्रविष्टि। 10 अगस्त से 14 अगस्त तक ऑनलाइन लॉटरी/काउंसलिंग के माध्यम से चयनित बच्चों की सूची (आवंटन) जारी की जाएगी।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 19 जुलाई 2026 को मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.अमित जैन, मनोरोग रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह, बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ.रितेश रंजन, डॉ.हिमांशु कोल्हे, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ.सुशांत संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



## ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी, जान जोखिम में डाल करते है नाला पार

# पानी के तेज बहाव से बहा कोदो मुमनी रपटा पुलिया, ब्लॉक मुख्यालय से टूटा संपर्क



बहा रपटा पुलिया।



नाला पार करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

ग्राम पंचायत उफिया के आश्रित ग्राम माकड़ स्थित कोदो मुमनी नाला पर बने रपटा पुलिया पानी के तेज बहाव में बह गया जिससे ग्राम पंचायत के करीब 5 सौ ग्रामीणों का मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह टूट गया है। राजपुर से जिगड़ी-माकड़ को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित कोदो कुमनी नाला पिछले तीन दिनों से पानी के तेज बहाव के साथ उफान पर है। नाले पर रपटा पुल बह जाने से ग्रामीणों काफी परेशान है। आलम यह है कि रपटा पुल के बह जाने से ग्रामीण जान जोखिम में डाल उफान पर बह रहे नाला को पार करने को मजबूर है।

**खास बात**

- कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

ग्रामीणों के अनुसार माकड़ गांव राजपुर मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित है। हर वर्ष बरसात में इस नाले का जलस्तर बढ़ने से आवागमन प्रभावित होता है, लेकिन इस बार निर्माणाधीन पुल के कारण बनी अस्थायी रपटा पुलिया भी बह गई है। इससे बैंक, अस्पताल, तहसील, बाजार और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए गांव का सीधा संपर्क पूरी तरह समाप्त हो गया है। गौरतलब है कि जिगड़ी-माकड़ पहुंच मार्ग पर कोदो कुमनी नाला पर 80 मीटर लंबे उच्चस्तरीय पुल 539.81 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति 25 जुलाई 2025 को मिली थी। निर्माण कार्य का आदेश 2 मार्च 2026 को दिया गया, जबकि कार्य पूर्ण करने की तिथि 31 जनवरी 2027 निर्धारित है। यह कार्य लोक निर्माण विभाग, सेतु संभाग अंबिकापुर के अधीन कराया जा रहा है। गांव के लोगों ने बताया कि बरसात के दिनों में मुख्यालय जाने का एकमात्र रास्ता यही नाला है। ग्रामीणों का कहना है कि नाला उफान पर है ऐसे में नाला के पानी में उतरने से पहले डंडे से नीचे गड्ढे और पत्थरों का अंदाजा लगाना पड़ता है। कमर तक पानी में जान जोखिम में डालकर नाला पार करना मजबूरी बन गई है।

**मरीजों की बढ़ी परेशानी**

भाजपा मंडल महामंत्री संतोष तिवारी ने विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह मौके पर पहुंचने पर पाया कि आवागमन का कोई सुरक्षित रास्ता नहीं था और अप्रोच मार्ग पूरी तरह बह चुका है। ऐसे में गांव के एक बीमार मरीज को लेने राजपुर से एंबुलेंस पहुंची थी, लेकिन रास्ता बंद होने के कारण उसे वापस लौटना पड़ा। इस संबंध में सेतु विभाग के इंजीनियर से चर्चा करने पर जल्द मरम्मत कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन देर शाम तक कोई कार्य नहीं हुआ। उन्होंने विभाग से तत्काल सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था और पुल निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की है।

**बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरनाक**

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दिन दिनो से माकड़ स्थित कोदो मुमनी नाला उफान पर है। नाला में पानी के तेज बहाव से रपटा पुलिया पूरी तरह बह गई। ब्लॉक मुख्यालय जाने के लिए एकमात्र मार्ग होने के कारण गांव के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। नाला में पानी लगभग तीन से चार फीट बह रहा है ऐसे में नाला पार करना जान जोखिम में डालने के बराबर है। स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दूध, सब्जी, स्कूल, अस्पताल और दवाइयां लाने के लिए ग्रामीणों को बाइक कंधे पर उठाकर नाला पार करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुल निर्माण की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने के बावजूद विभाग और ठेकेदार ने निर्माण अवधि में सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था नहीं की। यदि अस्थायी मार्ग या मजबूत डायवर्जन बनाया जाता तो गांव का संपर्क नहीं टूटता।


**जानकारी मंगाती हूं**

ग्राम पंचायत उफिया के आश्रित ग्राम माकड़ स्थित कोदो मुमनी नाला पर बने रपटा पुलिया के बह जाने की जानकारी नहीं है। किस विभाग से उच्चस्तरीय पुलिया निर्माण कार्य चल रहा है और वस्तु स्थिति क्या है इस संबंध में किसी को भेज कर जानकारी मंगाती हूं।

-श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी
कलेक्टर बलरामपुर

### सेमरसोत के समीप ट्रक के पीछे टकराई बस, आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल

**बलरामपुर।** गुरुवार की रात नेशनल हाईवे सेमरसोत के समीप दो ट्रक के आमने सामने भिड़ंत हो जाने से पीछे से आ रही बस ट्रक से टकरा गई। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में सवार लगभग आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात एक ट्रक बलरामपुर से अंबिकापुर की ओर जा रहा था। ट्रक के पीदे यात्री बस भी रायपुर के लिए जा रही थी। जैसे ही दोनों वाहन सेमरसोत के पास पहुंचे तभी अंबिकापुर से बलरामपुर की और आ रहे एक ट्रक विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक को सामने से टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक के पीछे आ रहे यात्री बस भी ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में बस में सवार लगभग आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। दुर्घटना में यात्री के अलावा ट्रक के चालक, परिचालक व बस के चालक के सिर में चोट लगी है। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि जिस जगह दुर्घटना हुई वह ब्लैक स्पॉट है लेकिन वहां पर दुर्घटना को रोकने के लिए किसी प्रकार के उपाय नहीं किए गए हैं। इसी जगह गत दिन भी दो कार के बीच टक्कर हो गई थी। लोगों का कहना है कि घटना स्थल पर आए दिन दुर्घटना होती है बावजूद सुरक्षा के उपाय नहीं किए है।



# वर्षों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग 15 दिन में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनंदनपुर के उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने वार्ड क्रमांक 3 फौजी गली में लंबे समय से खराब पड़े विद्युत ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग को लेकर सीएसपीडीसीएल के कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर ट्रांसफार्मर नहीं हटाया गया तो मोहल्लेवासियों के साथ आंदोलन एवं विभागीय कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

ज्ञापन में बताया गया है कि वार्ड क्रमांक 3 में एक निजी भवन के सामने लगभग एक वर्ष पूर्व दो खंभों के बीच ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया था। ट्रांसफार्मर शुरू से ही खराब पड़ा है और इससे किसी भी उपभोक्ता को बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है। इसके बावजूद विभाग द्वारा इसे हटाने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई। उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने कहा कि इस संबंध में क्षेत्र के सहायक अभियंता से कई बार मौखिक अनुरोध किया गया। विभागीय अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान ट्रांसफार्मर का स्थान अनुचित होना स्वीकार करते हुए उसे हटाने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन आज तक समस्या जस की तस बनी हुई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि खराब ट्रांसफार्मर के नीचे विभागीय कर्मचारी अक्सर बिजली सामग्री रख देते हैं, जिससे गली में गंदगी फैलती है और लोगों को आवागमन में भी परेशानी होती है। ट्रांसफार्मर सड़क किनारे होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से भी यह चिंता का विषय बना हुआ है, उपाध्यक्ष ने मांग की है कि ट्रांसफार्मर को 15 दिनों के भीतर हटाकर उचित स्थान पर स्थापित किया जाए। अन्यथा स्थानीय नागरिकों के साथ आंदोलन कर विभागीय कार्यालय का घेराव किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर सूरजपुर, एसडीएम सूरजपुर एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को भी प्रेषित की गई है।



**अधिकारियों के मार्गदर्शन पर की जाएगी शिफ्टिंग कार्रवाई**

उपभोक्ता के द्वारा दिखाई गई जमीन पर ही ट्रांसफार्मर की स्थापना की जाती है, इस मामले में विभागीय उच्च अधिकारियो से मार्गदर्शन लेकर शिफ्टिंग की कार्यवाही की जाएगी।

-**प्रतीक बारा**, सहायक अभियंता, विद्युत विभाग

**नियम विरुद्ध तरीके से स्थापित किया गया ट्रांसफार्मर**

बताया गया कि मेन मार्केट स्थित एक कपड़ा शोरूम संचालक के द्वारा विद्युत विभाग से गैर घरेलु यानि व्यवसायिक उपयोग के लिए ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की लेकिन अधिकारीयों की मिलीभगत से इसे मुख्य मार्ग स्थित कपड़ा शोरूम प्रांगण में स्थापित न करवाकर फ़ौजी गली स्थित अपने प्लॉट के सामने वाले मार्ग पर स्थापित करवा दिया जबकि नियमानुसार व्यवसायिक उपयोग के लिए ट्रांसफार्मर की स्थापना उसी प्रांगण में संचालित होनी है जहाँ पर व्यवसाय का संचालन होता है, ऐसे में फ़ौजी गली स्थित मार्ग का रास्ता सकरा हो गया, जिससे आये दिन रास्ते में जाम की स्थिति बनती है, साथ ही वार्ड वासियों के लिए उक्त कोने की जगह कचरा डंपिंग जोन बनकर रह गई है,उक्त ट्रांसफार्मर स्थापित होने के कुछ समय बाद ख़राबी आ जाने से उक्त लाइन कनेक्शन हटाकर दूसरे ट्रांसफार्मर से कनेक्शन कपड़ा शोरूम संचालक को दे दिया गया है, जिसके बाद वार्ड क्रमांक 3 में स्थापित ख़राब ट्रांसफार्मर मात्र शो पीस बनकर रह गया है।वहीं दूसरे ट्रांसफार्मर में पड़ रहे अतिरिक्त लोड से आये दिन केबल शॉट की शिकायतें हो रही हैं जिससे वार्डवासी काफी परेशान हैं।वार्ड के दो लोगों ने सीएम हेल्पलाइन नंबर पर भी ट्रांसफार्मर हटाने की मांग कर शिकायत पंजीयन कराया है।

# प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए की गई मॉकड्रिल

**बिश्रामपुर।** संभावित प्राकृतिक आपदाओं के दौरान त्वरित एवं प्रभावी राहत बचाव कार्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम तेलईकछार केनापारा स्थित पर्यटन स्थल के पोखरी में बाढ़ बचाव एवं अग्निशमन दल द्वारा सूरजपुर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील की उपस्थिति में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा की स्थिति में किए जाने वाले राहत एवं बचाव कार्यों का पूर्वाभ्यास किया गया।



अभ्यास के दौरान आपदा प्रबंधन दल को एक व्यक्ति के पोखरी में डूबने की काल्पनिक सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही दल ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए मोटरबोट, गोताखोरों एवं आवश्यक बचाव उपकरणों के साथ घटनास्थल पहुंचकर राहत अभियान प्रारंभ किया। निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने डूब रहे व्यक्ति का सुरक्षित रेस्क्यू किया। इस दौरान दल द्वारा आपदा प्रबंधन में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न उपकरणों के संचालन एवं उनकी उपयोगिता की भी जानकारी दी गई। मॉक ड्रिल के दौरान उपस्थित नागरिकों को बताया गया कि आपदा की स्थिति में घर में उपलब्ध सामान्य संसाधनों का उपयोग कर किस प्रकार प्रारंभिक स्तर पर स्वयं एवं अन्य लोगों की सुरक्षा की जा सकती है। साथ ही आपदा के समय सतर्कता, संयम और सही निर्णय के महत्व से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने कहा कि आपदा के समय नागरिकों की सावधानी ही उनकी सबसे बड़ी सुरक्षा है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय संयम बनाए रखें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करें। उन्होंने बताया कि जिले में संभावित बाढ़ एवं अन्य आपदाओं से निपटने के लिए बाढ़ बचाव दल की तैनाती की गई है तथा नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है, जहां आवश्यकता पड़ने पर तत्काल संपर्क किया जा सकता है। कलेक्टर ने जिलेवासियों से जलभराव वाले क्षेत्रों, नदी-नालों, तालाबों, पर्यटन स्थलों एवं झरनों के समीप अनावश्यक रूप से जाने तथा सेल्फी लेने से बचने का आह्वान करते हुए कहा कि थोड़ी सी सावधानी किसी भी अप्रिय घटना से बचाव का प्रभावी माध्यम बन सकती है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले, जिला सेनानी संजय गुप्ता, एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।



# पीडीएस चावल की अफरा तफरी मामले में अरुण ट्रेडर्स सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के खरसिया नाका स्थित अरुण ट्रेडर्स में पीडीएस के चावल की अफरा तरफी का मामला सामने आया है। खाद्य एवं राजस्व विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए दुकान में छापा मारा जहां एक ट्रक से पीडीएस चावल की अफरा तफरी की जा रही थी। इस दौरान दुकान संचालक ने ना सिर्फ कार्रवाई का विरोध किया बल्कि मौका मिलते ही फरार हो गया। फिलहाल अधिकारियों ने दुकान को सील कर दिया है। बता दें कि जिला प्रशासन को सूचना मिली थी कि खरसिया नाका स्थित अरुण ट्रेडर्स में बड़े पैमाने पर पीडीएस के चावल की खरीद बिक्री की जाती है। शासकीय चावल के हेराफरी की सूचना मिलने के बाद खाद्य एवं राजस्व विभाग की टीम ने दुकान में छापा मारा था। इस दौरान दुकान संचालक अरुण बंसल ने कार्रवाई का विरोध करते हुए गोदाम में ताला लगा दिया और अधिकारियों के सामने से ही फरार हो गया। इस दौरान संयुक्त टीम ने मौके पर एक ट्रक की जांच की तो उसमें 130 बोरी पीडीएस का चावल लोड था। टीम द्वारा फिलहाल दुकान को सील कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि पूर्व में भी अरुण ट्रेडर्स द्वारा पीडीएस चावल की खरीद बिक्री का मामला सामने आया था और उसमें कार्रवाई करते हुए अपराध दर्ज किया जा चुका है लेकिन इसके बाद भी संचालक द्वारा अवैध तरीके से चावल की खरीद बिक्री की जा रही है। अधिकारियों द्वारा जांच उपरान्त कड़ी कार्रवाई करने की बाद कही गई है।

- खाद्य एवं राजस्व विभाग की टीम ने की कार्रवाई




# भाजपा प्रकोष्ठों के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा द्वारा मंगलवार को संकल्प भवन में सभी 19 प्रकोष्ठों के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों तथा कार्यसमिति सदस्यों को गमछा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुराग सिंहदेव ने कहा कि भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठों में अपने-अपने क्षेत्र के अनुभवी और विशेषज्ञ लोगों का जुड़ना संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला संगठन है। केंद्र और राज्य सरकारों ने जनहित और राष्ट्रहित में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं जिनके सकारात्मक परिणाम आज देश और प्रदेश में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ विरोधी तत्व समाज में नकारात्मक नैरेटिव फैलाने का प्रयास कर रहे हैं जिसका तथ्यों और जनसेवा के माध्यम से प्रभावी जवाब देना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि भाजपा के सभी प्रकोष्ठ समाज के प्रत्येक वर्ग तक संगठन की विचारधारा, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा पार्टी की रीति-नीति को पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। अंबिकेश केशरी ने कहा कि सभी प्रकोष्ठ संगठन की शक्ति है। उन्होंने पदाधिकारियों से संगठन विस्तार और जनसंपर्क को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अभिषेक शर्मा, आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मयंक जायसवाल ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष तथा आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने किया। इस दौरान संतोष दास, डीके पुरिया, मधु चौदाहा, नीरू मिस्त्री, निश्चल प्रताप सिंह, विद्यानंद मिश्रा, जन्मेजय मिश्रा, वैभव सिंहदेव, निलेश सिंह, अजय प्रताप सिंह, रूपेश दुबे, मनोज सोनी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।







